## कार्यपत्र-3

**1. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) (ii) शोचनीय ✓

(ख) (i) ऐतिहासिक ✓

(ग) (ii) ध्वस्त ✓

(घ) (iii) प्रदक्षिणा ✓

(ङ) (i) कृतज्ञता ✓

**2. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अगामी | आगामी | (ख) | आंबटन | आवंटन |
| (ग) | ईच्छा | इच्छा | (घ) | परिक्षा | परीक्षा |
| (ङ) | ऊदघाटन | उद्घाटन | (च) | ऊश्मा | ऊष्मा |
| (छ) | कसोटी | कसौटी | (ज) | जयोतिषि | ज्योतिषी |
| (झ) | वियाकुल | व्याकुल | (ञ) | आपार | अपार |
| (ट) | परमाण | प्रमाण | (ठ) | ऐच्छिक | ऐच्छिक |
| (ड) | अरपन | अर्पण | (ढ) | सन्यास | संन्यास |
| (ण) | केंद्रिय | केंद्रीय | (त) | कृपालू | कृपालु |
| (थ) | पृदर्शिनी | प्रदर्शिनी | (द) | अतीथी | अतिथि |
| (ध) | तयौहार | त्योहार | (न) | पूज्यनीय | पूजनीय |

**3. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति शुद्ध शब्द से कीजिए।**

(क) वह **अधिक** बोलता है। (आधिक/अधिक)

(ख) सारा सामान **इकट्ठा** करके अलमारी में रखो। (इखट्ठा/इकट्ठा)

(ग) **दुर्घटना** में उसकी छोटी बहन चल बसी। (दुर्घटना/दूर्घटना)

(घ) आपको **उपर्युक्त** प्रश्न का जवाब देना है। (उपयुर्क्त/उपर्युक्त)

(ङ) वहाँ **अत्यधिक** भीड़ थी। (अत्याधिक/अत्यधिक)

**4. निम्नलिखित गद्यांश में वर्तनी की अशुद्धियों को शुद्ध करके लिखिए।**

इतनी बड़ी दूनिया में कोई केवल सवयं पर निभ्रर रहकर जिवित नहीं रह सकता। जिवन जीने के लिए कइ चीजों की आवस्यकता होती है। उर्जा तथा रौश्नी के लिए सूर्य की, जल और वायू की, भुख मिटाने के लिए पेड-पोधों की एवं मदद पाने के लिए अनय जीवों की। ठीक ही कहा गया है 'वसुदेव कटुबकम' अथात् सारा ससार एक परीवार है।

इतनी बड़ी दुनिया में कोई केवल स्वयं पर निर्भर रहकर जीवित नहीं रह सकता। जीवन जीने के लिए कई चीजों की आवश्यकता होती है। ऊर्जा तथा रोशनी के लिए सूर्य की, जल और वायु की, भूख मिटाने के लिए पेड़-पौधों की एवं मदद पाने के लिए अन्य जीवों की। ठीक ही कहा गया है 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात् सारा संसार एक परिवार है।